# यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर स्लीपर बसों की जाँच

नवभारत न्यूज

**परिवहन विभाग की टीम ने 20 स्लीपर बसों की जाँच की**

**10 बसों से हटवाए केबिन के दरवाजे**

**ग्वालियर 17 जनवरी।** ग्वालियर शहर से प्रदेश व देश के शहरों के बीच चल रहीं स्लीपर बसों की यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर जाँच की जा रही है। कलेक्टर रुचिका चौहान ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विक्रमजीत सिंह कंग को अभियान बतौर स्लीपर बसों की जाँच करने के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में शनिवार को 20 से अधिक स्लीपर बसों की जाँच की गई। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विक्रमजीत सिंह कंग ने बताया कि स्लीपर बसों के निरीक्षण के दौरान खासतौर पर ड्राइवर पार्टीशन, केबिन दरवाज़ा, स्लाइडर्स व फायर सिस्टम की जांच की गई। इस दौरान 10 से अधिक बसों से केबिन दरवाजे तत्काल हटवाए गए। साथ ही एफडीएसएस फायर सिस्टम लगवाने के निर्देश बस संचालकों को दिए गए। साथ ही स्पष्ट किया गया कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ बसों में कोई समझौता न हो, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जायेगी।

बसों के निरीक्षण के लिये गई टीम में आरटीआई प्रवीण नाहर, अनवर ख़ान, उम्मेद बेग आदि शामिल थे।



## विकसित भारत 2047 पर आधारित प्रदर्शनी 19 जनवरी से

**ग्वालियर 17 जनवरी।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, ग्वालियर में दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 19 एवं 20 जनवरी को आयोजित होगी।

प्रदर्शनी में विकसित भारत @2047, नेक्स्ट जेन जीएसटी तथा वीबी-जी राम-जी विषयों पर आधारित छायाचित्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्देश्य आम नागरिकों को भारत सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं, विकासात्मक उपलब्धियों तथा भविष्य की विकास दृष्टि से अवगत कराना है। यह प्रदर्शनी सभी के लिए निःशुल्क रहेगी। प्रदर्शनी 19 जनवरी को प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक तथा 20 जनवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी।

# विवाह से संबंधित व्यवसायों के नियम एवं शर्तों में एकरूपता के लिए कार्य करेगा चेम्बर ऑफ कॉमर्स

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 17 जनवरी।** मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री में आज शाम 04.30 बजे से समूह क्रमांक 38 (विवाह व्यवसाय), समूह क्रमांक-39 (सिनेमा, आर्म्स एवं कारपेट व्यवसाय) तथा समूह क्रमांक-40 (चाय एवं फल व्यवसाय) के सदस्यों के साथ चेम्बर संवाद 'चेम्बर भवन' में आयोजित किया गया। आज आयोजित संवाद में व्यवसायियों ने बताया कि विवाह व्यवसाय में प्रमुख रूप से मैरिज गार्डन, कैटरर्स एवं टेंट हाउसों के नियमों में एकरूपता न होने के कारण कई व्यवहारिक परेशानियां आती हैं और कई बार कारोबारियों को पूरा भुगतान भी नहीं मिल पाता है, वहीं कई बार व्यवहार एवं संबंधों के चलते लोग फायनल पेमेंट को समायोजित करने के लिए भी कहते हैं, जिससे कारोबारियों को मुनाफा न होकर कई बार घाटे का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही वर्तमान में शहर से दूर विवाह स्थल स्थापित हो गये हैं, वहां पर पुलिस थाने भी स्थापित नहीं है7 इसलिए शहर से दूर विवाह स्थलों पर पुलिस गश्त होना चाहिए। चाय के सेम्पल के लिए भोपाल में जो लैब है वहां एक्सपर्ट टेस्टर नहीं होने से सेम्पल फेल कर दिये जाते हैं तथा चाय के सेम्पल पास होने के लिए क्या मानक होने चाहिए, इसके लिए भी मानक विभाग द्वारा कारोबारियों को नहीं बताये जाते हैं। मानकों की जानकारी कारोबारियों को दी जाना चाहिए। साडा में सब्जी मण्डी, फल मण्डी एवं बीज व खाद विक्रेताओं के लिए संयुक्त रूप से जगह निर्धारित कर, वहां सब्जी मण्डी बनाई जाना चाहिए ताकि एक ही स्थान पर सभी कारोबार हो सकें। ग्वालियर में आर्म्स कारोबारियों के लायसेंस रिन्यू करने में विलंब हो रहा है जबकि भिण्ड-मुरैना में यह आसानी से रिन्यू हो रहे हैं, इस पर कार्यवाही की जाना चाहिए। इससे पूर्व बैठक में मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल द्वारा चेम्बर संवाद आयोजित करने के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि सभी सदस्यों को अपनी बात चेम्बर में आकर रखने के लिए यह 'संवाद' कार्यक्रम इस कार्यकाल में प्रारंभ किया गया है। इसका विचार उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल जी द्वारा दिया गया था, जिसे मूर्त रूप से इस कार्यकाल में दिया गया. आपने चेम्बर की गतिविधियों एवं कार्यों से सदस्यों को अवगत कराया। सदस्यों द्वारा रखी गई समस्याओं पर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि विवाह व्यवसाय के कारोबारियों को आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए नियम एवं शर्तों में एकरूपता लाने के लिए प्रभावी कार्य किया जायेगा ताकि समस्याओं का समाधान हो सके। वहीं चाय के लिए निर्धारित मानकों की जानकारी प्राप्त कर, कारोबारियों को अवगत कराया जायेगा। बैठक का संचालन मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल द्वारा तथा आभार उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया7 बैठक में कार्यकारिणी सदस्य-बृजेश गुप्ता, अनूप साहू सहित चेम्बर सदस्य-नरेश खण्डेलवाल, दीपक बंसल, डॉ. किशनस्वरूप मंगल, राजेन्द्र सूरी, शैलेन्द्र बंसल, जगदीश अग्रवाल, गिरीश शर्मा, विनायक गुप्ता, रामजीत सिंह राजपूत, अरूण बंसल, मनोहर लाल भल्ला, दीपक कुमार गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## बेटे के नाम गैंग रेप का हवाला देकर बुजुर्ग पिता से ठगे 50 हजार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 जनवरी।** तुम्हारे बेटे को गैंग रेप में गिरफ्तार कर लिया है। अगर उसे बचाना चाहते हो तो फिर 50 हजार रुपए देने पड़ेंगे। यह धमकी देकर साइबर ठगों ने बुजुर्ग से 50 हजार रुपए ठग लिए। बुजुर्ग से ठगी की रकम और बढ़ सकती थी, लेकिन उसी समय उनका बड़ा बेटा पहुंच गया और जब उसे पूरे मामले की जानकारी लगी तो तुरंत उसने हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर इसकी शिकायत की। घटना पिछले वर्ष 13 अगस्त की है और साइबर सेल में जीरो पर मामला कायम करने के बाद जांच के लिए महाराजपुरा थाने भेजा गया है। राजेन्द्र प्रसाद शर्मा 74 वर्ष अपनी पत्नी व बेटे के साथ आस्था नगर महाराजपुरा में रहते हैं। पिछले वर्ष 13 अगस्त की सुबह उनके मोबाइल पर कॉल आया और फोन करने वाले ने स्वयं को पुलिस अधिकारी बताया। फोन करने वाले ने कहा कि तुम्हारे बेटे सुनील को गैंग रेप के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। अगर उसे बचाना चाहते हो तो फिर 50 हजार रुपए देने होंगे। बुजुर्ग राजेन्द्र शर्मा इस धमकी से बुरी तरह से डर गए और अपने बेटे को बचाने के लिए दो बार में 50 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। उसी समय बड़ा बेटा आ गया और उसने फोन करने वाले से बात की और वह तुरंत समझ गया की ठग है। राजेन्द्र शर्मा को जब इस बात का पता चला तो साइबर क्राइम हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज करा दी।

साइबर ठगों ने जिस खाते में 50 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए थे वह भारतीय स्टेट बैंक की मुरैना जिले की ब्रांच राधिका पैलेस का निकला। खाता किसी प्रशांत परमार निवासी उम्मेदगढ़, जौरा जिला मुरैना के नाम से है।

# मेले में सजी पत्थर शिल्प परंपरा बनी सैलानियों के आकर्षण का केन्द्र

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 जनवरी।** बेजान पत्थर को आकार देकर उपयोगी और कलात्मक रूप देकर जीवंत बनाना भारतीय शिल्प परंपरा की अनूठी पहचान रही है। सदियों से यह हुनर पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ता आया है। शिल्पकारों को अपनी कला दिखाने तथा आजीविका अर्जित करने का सबसे सशक्त मंच सदैव से भारतीय मेले रहे हैं। इसी परंपरा कोग्वालियर व्यापार मेला जीवंत बनाए हुए है। मेले में सजा देशज शिल्प सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

इस वर्ष ग्वालियर मेले में पत्थर शिल्प की दुकानों ने भी खास पहचान बनाई है। छत्री क्रमांक 19 एवं 20 के मध्य शिल्पकार विनय कुमार द्वारा लगाई गई पत्थर शिल्प की दुकान सैलानियों को विशेष रूप से भा रही है। पत्थर से गढ़ी गईं घरेलू उपयोग की वस्तुओं से लेकर आकर्षक सजावटी सामान दूर से ही सैलानियों को अपनी ओर खींच लेते हैं। पत्थर से गढ़े गए इन शिल्प नमूनों की खरीदारी सैलानी उत्साहपूर्वक कर रहे हैं। पत्थर शिल्पी विनय कुमार बताते हैं कि उनका परिवार लगभग आधी शताब्दी से ग्वालियर मेले में अपनी दुकान लगाता आ रहा है।



यह उनका पुस्तैनी व्यवसाय और विरासत में मिला हुनर है। पहले उनके पिता संजीत आदिवासी रिश्तेदारों के साथ मिलकर यह कार्य करते थे और अब वही परंपरा हम आगे बढ़ा रहे हैं। विनय कुमार गौंड जनजाति से ताल्लुक रखते हैं। विनय कुमार के अनुसार उनके पूर्वज पहले कानपुर और फिर आगरा में आकर बसे थे। राजस्थान की खदानों से निकला मार्बल तथा ग्वालियर-चंबल अंचल के सफेद और बलुआ पत्थर को तराशकर विनय कुमार का परिवार एक से बढ़कर एक शिल्प नमूने तैयार करता है। देवी-देवताओं की छोटी-छोटी आकर्षक मूर्तियाँ, मार्बल से बने पहलवानों के पसंदीदा बादाम पीसने के कुण्डे, इलायची, लौंग व अन्य मसाले कूटने के खलबत्ते, सुरमा व दवाइयों के लिए नावनुमा खलबत्ते तथा बच्चों-बड़ों के लिए कलात्मक चकला-बेलन उनकी दुकान की खास पहचान हैं। इसके अतिरिक्त सफेद पत्थर से बनी आटा, दलिया और बेसन पीसने की चक्कियाँ भी उपलब्ध हैं। मार्बल पत्थर को मोर, फूल-पत्ते और कलश का रूप देकर तैयार की गई रंगीन घड़ियाँ भी सैलानियों का ध्यान खींच रही हैं।

सैलानी इन शिल्प नमूनों को स्मृति के रूप में अपने घर ले जा रहे हैं। विनय कुमार बताते हैं कि ग्वालियर मेले में उनकी दुकान से प्रतिवर्ष औसतन 5 से 6 लाख रुपये की बिक्री हो जाती है। वे कहते हैं कि मेलों ने ही उनके परिवार के हुनर को जीवित रखा है। ग्वालियर मेले के साथ-साथ देश के अन्य मेलों में दुकान लगाकर ही उनके परिवार की आजीविका चलती है।

## अध्यात्म सत्संग समारोह में संत समाज का सम्मान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 जनवरी।** सदगुरुदेव सतपाल महाराज की प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा इंटक मैदान में आयोजित दो दिवसीय आध्यात्म सत्संग समारोह के दूसरे दिन हरिद्वार से पधारे महात्मा हरि संतोषानंद ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए परमात्मा के आदि नाम का महत्व बताया. समारोह को संबोधित करते हुए महात्मा वर्धमानानन्द ने कहा कि मनुष्य के जीवन में दुःख का कारण मोह है और इस मोह से मुक्त होना ही मोक्ष है और इस मोह से छुटकारा पाने का मार्ग आत्मज्ञानी संतों की शरण में जाने से ही मिलता है। सत्संग समारोह के दूसरे दिन गोपाल भाई और साथियों ने सुन्दर भजन प्रस्तुत किए। समारोह को साध्वी मिथलेश बाई टीकमगढ़, साध्वी शारदा बाई इन्दौर और आश्रम प्रभारी साध्वी हरीशा बाई ने संबोधित किया।



नगर के प्रबुद्ध नागरिकों की ओर से संत समाज का सम्मान इंटक नेता राजेन्द्र सिंह नाती, मजदूर नेता रतीराम राम यादव, पार्षद हरि बाबू शिवहरे, आदि ने किया। समारोह का संचालन करते हुए राम बाबू कटारे ने आभार व्यक्त किया।


**नाम संशोधन सूचना**

मैं SHAHID शपथ करता हूँ कि मेरे पूर्व पासपोर्ट क्र. J6555597 में मेरा नाम SHAHID KHAN दर्ज हैं। जो कि गलत है जबकि मेरे अन्य दस्तावेज आधार कार्ड, पैन कार्ड वोटरकार्ड आदि मैं मेरा नाम SHAHID दर्ज है जो कि सत्य व सही हैं अतः वर्तमान मैं मुझे मेरे परिवर्तित नाम SHAHID से ही जाना पहचाना जाता है भविष्य मैं भी मुझे SHAHID के नाम से ही जाना जावे।

सूचनाकर्ता -

SHAHID S/O SHAHZAD KHAN

*Nai Sadak, Nale Ke Pass, Nalbanda Ka Mohalla, Bavan Payga, Lashkar Gwalior, Madhya Pradesh- 474001*





## माधव कॉलेज में हर्षोल्लास से मना पतंगोत्सव

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 जनवरी।** मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में आज सांस्कृतिक समिति, माधव महाविद्यालय द्वारा 'पतंगोत्सव' का कार्यक्रम मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. नीना उपाध्याय अध्यक्ष, हिन्दी अध्ययन मण्डल, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर रहीं। उन्होंने बताया कि सूर्य के अपने पुत्र शनि के घर में प्रवेश का उत्सव है मकर संक्रान्ति। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. शिव कुमार शर्मा ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति उत्सव प्रिय है और इसका सबसे बड़ा उदाहरण है मकर संक्रान्ति। मेच बॉक्स प्रतियोगिता में डॉ. संगीता अग्रवाल एवं डॉ. दीपक शिंदे ने प्रथम स्थान, कुर्सी दौड़ में मुलायम सिंह ने प्रथम एवं नंदिनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगारंग कार्यक्रम में भजन, फिल्मी गीत, कहानी, कविता, चुटकुले इत्यादि प्रस्तुतियां हुई, जिसकी शुरुआत शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. मनोज अवस्थी एवं डॉ. कौशलेंद्र अवस्थी ने श्री राम के भजन से की, प्राचार्य ने भारतीय पारंपरिक विवाह के समय गाए जाने वाले बुंदेली लोकगीत की झलक अपनी प्रस्तुति द्वारा दी। सांस्कृतिक समिति के संयोजक डॉ. विकास शुक्ल, श्रीमती प्रेक्षा नाईक, डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. सरिता दीक्षित, डॉ संतोष शर्मा, डॉ. निवेदिता पांचाल ने गीत गाए, डॉ संगीता अग्रवाल, डॉ योजना तिवारी, पुलंदर सिंह एवं कस्तूरे ने राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत भजन प्रस्तुत किया। इसी कड़ी में डॉ. मंदाकिनी शर्मा, डॉ दीप्ति नारंग ने कविताएं प्रस्तुत कीं। डॉ. राकेश करहेरिया, दीप सिंह तोमर इत्यादि प्राध्यापकों ने कहानी एवं चुटकुले सुनाए।

## संदिग्ध परिस्थिति में लापता हुए प्रॉपर्टी कारोबारी

ग्वालियर। दोस्त से मिलने की कहकर निकला प्रॉपर्टी कारोबारी संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गया। घटना कंपू इलाके की है। परिजनों द्वारा हर संभावित स्थान पर तलाश करने के बाद भी जब कारोबारी का कुछ पता नहीं लगा, तो उन्होंने थाने पहुंचकर सूचना दी। जहां पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। कंपू थाना क्षेत्रांतर्गत गड्ढे वाला मोहल्ला निवासी 55 वर्षीय अशोक यादव प्रॉपर्टी कारोबार के साथ ही सनातन धर्म मंदिर में सिक्युरिटी गार्ड के रूप में जॉब करते हैं। बीती दोपहर दो बजे लगभग वह दोस्त से मिलने जाने की कहकर घर से अपनी बाइक क्रं. एमपी 30 एमए पर सवार होकर निकले थे।


**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 20, वार्ड क्रं 48, भवन क्रं 594 का भाग,स्थान कदम साहब का बाडा मामा का बाजार ग्वा0 मे स्थित है जो कि भाव्या कुर्सिजा,कोमल सोनेजा,सांनवी कुकरेजा के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 9000168795 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 600 वर्गफुट है। उक्त संपति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं R-01112501586570 दिनांक 10.11.2025 प्राप्त किया गया है। उक्त संपति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र 20 सिंधी कॉलोनी बरार समाज,क्षे.क्र 20, पर दिनांक 18.11.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 74/2010/64813/64899 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

**अजय बिरला/कान्ति प्रसाद बिरला**

पता-माधौगंज थाने के पास लश्कर ग्वा0(म.प्र.), मो0-9303326866

विज्ञप्ति जारी दिनांक-17.01.2026

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 24, वार्ड क्रं 65,स्थान अजयपुर ग्वा0 मे स्थित है जो कि मुखिया/लालाराम कुशवाह के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 1001369713 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 625 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड सर्वे क्रं 254 दिनांक 20.10.2000 प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र अजयपुर,क्षे.क्र 24, पर दिनांक 17.01.2026 को किया गया है। जिसका ऑनलाईन आवेदन कार्य क्रं PT40913 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

**राजकुमार बाथम गौड/रामविलाश बाथम गौड**

पता-अजयपुर ग्वा0(म.प्र.),मो0-6266010988

विज्ञप्ति जारी दिनांक-17.01.2026

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं **रानी गुप्ता** (RANI GUPTA) पत्नी **श्री विनोद गुप्ता** सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरा पूर्व का नाम **प्रतीभा गुप्ता** (PRATIBHA GUPTA) था जो मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड इत्यादि में लिखा गया है जो कि गलत है जबकि वर्तमान एवं भविष्य में में **रानी गुप्ता** पत्नी **श्री विनोद गुप्ता** के नाम से जानी पहचानी एवं पुकारी जाती हूं एवं जाऊंगी। जो मेरे शासकीय अर्द्धशासकीय प्रपत्रों एवं अन्य प्रपत्रों में लिखा गया है। **रानी गुप्ता** एवं **प्रतीभा गुप्ता** दोनों मेरे ही नाम है अतः मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड इत्यादि में मेरा नाम **प्रतीभा गुप्ता** के स्थान पर **रानी गुप्ता** लिखा एवं पढ़ा जावे। आमजन एवं सर्वजन सूचित हो।

**पूर्व नाम-प्रतीभा गुप्ता**

**वर्तमान नाम-रानी गुप्ता पत्नी श्री विनोद गुप्ता**

**पता:- आदर्श मान्टेसरी स्कूल के सामने, दीदार कॉलोनी चौराहा, डबरा, ग्वालियर, म.प्र.**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं **प्रमोद कुमार** पुत्र **श्री रामचंद** सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरा पुत्र का नाम **दुर्लव प्रसाद** (DURLAV PRASAD) है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड मे गलती से नाम **देव कुमार** (DEV KUMAR) लिख गया है जो कि गलत है। जबकि वर्तमान एवं भविष्य में मेरे पुत्र को **दुर्लव प्रसाद** पुत्र **श्री प्रमोद कुमार** के जाना पहचाना एवं पुकारा जाता है एवं जाएगा। जो मेरे पुत्र के शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रपत्रों मे लिखा गया है। अतः मेरे पुत्र के आधार कार्ड मे मेरे पुत्र का नाम **देव कुमार** के स्थान पर **दुर्लव प्रसाद** लिखा एवं पढ़ा जावे। आमजन एवं सर्वजन सूचित हो।

**सूचनाकर्ता**

**प्रमोद कुमार पुत्र श्री रामचंद पता:- विघा विहार स्कूल के पास, नरसिंह नगर, हजीरा, ग्वालियर, म.प्र.**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं **गजराज धाकड़** (GAJRAJ DHAKAR) पुत्र **श्री जसवंत धाकड़** सर्वसाधारण को सूचित करता हुँ कि मेरा पूर्व का नाम **सुरेश सिंह धाकड़** (SURESH SINGH DHAKAD) था जो आधार कार्ड में लिखा गया है जो कि गलत है जबकि वर्तमान एवं भविष्य में में **गजराज धाकड़** पुत्र **श्री जसवंत धाकड़** के नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जाता हू एवं जाऊंगा। जो मेरे शासकीय, अर्द्धशासकीय प्रपत्रों एवं अन्य प्रपत्रों में लिखा गया है **गजराज धाकड़** एवं **सुरेश सिंह धाकड़** दोनों मेरे ही नाम है अतः मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम **सुरेश सिंह धाकड़** के स्थान पर **गजराज धाकड़** लिखा एवं पढ़ा जावे। आम जन एवं सर्वजन सूचित हो।

**सूचनाकर्ता**

**पूर्व नाम-सुरेश सिंह धाकड़**

**वर्तमान नाम-गजराज धाकड़**

**पुत्र श्री जसवंत धाकड पता :- ग्राम हटीपुरा, पोस्ट पचेखा, तहसील कैलारस, मुरैना, म.प्र.**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं **छाया धनोतिया** (CHHAYA DHANOTIYA) पत्नी **श्री आश्रय धनोतिया** सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरा पूर्व का नाम **सरला मुजावदिया** (SARLA MUJAWDIYA) था जो मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में लिखा गया है जबकि वर्तमान एवं भविष्य में में **छाया धनोतिया** पत्नी **श्री आश्रय धनोतिया** के नाम से जानी पहचानी एवं पुकारी जाती हूं एवं जाऊंगी। जो मेरे शासकीय, अर्द्धशासकीय प्रपत्रों एवं अन्य प्रपत्रों में लिखा गया है **छाया धनोतिया** एवं **सरला मुजावदिया** दोनों मेरे ही नाम है अतः मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम **सरला मुजावदिया** के स्थान पर **छाया धनोतिया** लिखा एवं पढ़ा जावे। आम जन एवं सर्वजन सूचित हो।

**सूचनाकर्ता**

**पूर्व नाम-सरला मुजावदिया**

**वर्तमान नाम-छाया धनोतिया**

**पत्नी श्री आश्रय धनोतिया पता :- 24-ए अन्नपूर्णा नगर, पोस्ट सुधामा नगर, इंदौर म.प्र.**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं **रूकवेन्द्र सिंह** (RUKVENDRA SINGH) पुत्र **श्री जवान सिंह** सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरा पूर्व का नाम **लवकुश सिंह** (LOVEKUSH SINGH) था। जो मेरे आधार कार्ड एवं अन्य प्रपत्रों में लिख गया है जबकि वर्तमान एवं भविष्य में मै **रूकवेन्द्र सिंह** पुत्र **श्री जवान सिंह** के जाना पहचाना एवं पुकारा जाता हूँ एवं जाऊगा। जो मेरे शासकीय / अर्द्धशासकीय प्रपत्रों एवं अन्य प्रपत्रों मे लिखा गया है। **रूकवेन्द्र सिंह** एवं **लवकुश सिंह** दोनों मेरे ही नाम है। अतः मेरे आधार कार्ड एवं अन्य प्रपत्रों मे मेरा नाम **लवकुश सिंह** के स्थान पर **रूकवेन्द्र सिंह** लिखा एवं पढ़ा जावे। आमजन एवं सर्वजन सूचित हो।

**सूचनाकर्ता**

**पूर्व नाम-लवकुश सिंह**

**वर्तमान नाम-रूकवेन्द्र सिंह**

**पुत्र श्री जवान सिंह**

**पता:- ग्राम सुनारपुरा माफी, मुरार, ग्वालियर, म.प्र.**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं **हरिओम सैन** (HARIOM SAIN) पुत्र **श्री कोमल प्रसाद सैन** सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरा नाम **हरिओम सैन** है। मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम गलती से इंग्लिश इस्पेलिंग में **हरिओम सैन** (HARIOM SEN) SEN लिख गया है जो कि गलत है। जबकि वर्तमान एवं भविष्य में हरिओम सैन **(HARIOM SAIN) SAIN** के नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जाता है एवं जाउंगा। जो शासकीय अर्द्धशासकीय प्रपत्रों एवं अन्य प्रपत्रों में लिखा गया है। अतः मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र के इंग्लिश इस्पेलिंग में मेरा नाम **हरिओम सैन** (HARIOM SEN) SEN के स्थान पर **हरिओम सैन (HARIOM SAIN) SAIN** लिखा एवं पढ़ा जावे। आमजन एवं सर्वजन सूचित हो।

**सूचनाकर्ता**

**हरिओम सैन पुत्र श्री कोमल प्रसाद सैन पता:- डाक बंगला रोड, कलार बाग बैंक कॉलोनी, शिवपुरी म.प्र.**

**In The Court Of XV Civil Judge Class-I, District Court, Gwalior**

Presiding Officer: भूपेंद्र सिंह कुशवाह

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000094/2025)

राम निवास सिंह .....................आवेदक

Vs

सर्वसाधारण............... अनावेदक

Process Id- /2026

पेशी दिनांक :- 16/02/2026

प्रेषिती-

(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण

(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक **राम निवास सिंह** पता ने मृतक फकीर सिंह निवासी-ग्राम छोंदी जिला ग्वालियर की भारतीय स्टेट बैंक शाखा हस्तिनापुर मुरार ग्वालियर, म.प्र. ग्रामीण बैंक, शाखा सात नं. चौराहा, मुरार जिला ग्वालियर रामख्यार सिंह पुत्र कप्तान सिंह, गब्बर सिंह पुत्र विृन्दावन, अमर सिंह पुत्र विृन्दावन निवासीगण ग्राम छोंदी तह. मुरार जिला ग्वालियर राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक **16 February 2026** को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक **16 February 2026** को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख **10 January 2026** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

**भूपेन्द्र सिंह कुशवाह**

पन्द्रहवें व्यवहार न्यायाधीश

वरिष्ठ खण्ड ग्वालियर (म.प्र.)

टिप्पणीः कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।


## गाड़ी स्टार्ट की तब पता चला कि भैंसें खोल ले गए चोर

ग्वालियर। पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के ग्राम थर में दो दिन पहले दुस्साहसी चोर लोडिंग ऑटो में गौंड़ा (मवेशी बांधने का स्थान) से चार भैंस खोल ले गए। मवेशी मालिक को चोरी होने का पता तब चला जब चोरों ने लोडिंग वाहन को स्टार्ट किया। घर के पास से आधी रात को गाड़ी स्टार्ट होने की आवाज आते ही मवेशी मालिक तुरंत वहां पहुंचा लेकिन तब तक चोर अपना काम कर चुके थे। पुलिस ने चोरों के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम थर पुरानी छावनी ने अपने मवेशी गौंड़ा में बांधे हुए थे। 14 जनवरी की रात को लोडिंग वाहन लेकर कुछ चोर वहां पहुंचे और बंधे हुए मवेशियों को खोलकर गाड़ी में चढ़ा लिया।


**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 07 स्थान अर्नव ग्रीन सिटी में स्थित है। जो कि जितेन्द्र सिंह भदौरिया/स्व. श्री राजपाल सिंह भदौरिया के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000170503 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1800 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी14260202१ए1596618 दिनांक 19/07/2021 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/ वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

**विज्ञप्ति जारी दिनांक 17-01-2026**

**आवेदक का नाम/पता**

**सीमा शर्मा/नीलेश शर्मा**

**पता: अर्नव ग्रीन सिटी, ग्वालियर म.प्र.**

**मोब- 7415666122**

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 20 वार्ड क्रमांक 48 स्थान 1222 का भाग, भौसले साहब का बाड़ा में स्थित है। जो कि बैजंती जाटव, नीरज उर्फ नीरेन्द्र, उपेन्द्र जाटव, हरीश/स्व. गोरेलाल जाटव के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000168805 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 480 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी14260202०ए1727715 दिनांक 05/11/2020 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/ वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र... पर दिनांक 14/01/2026 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 74/2010/65034/65112 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

**विज्ञप्ति जारी दिनांक 17-01-2026**

**आवेदक का नाम/पता**

**राहुल सैनी/वृन्दावन सैनी**

**पता: 1222 का भाग, भौसले साहब का बाड़ा, ग्वालियर म.प्र.**

**मोब- 7771005291**

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 07 स्थान सती बिहार, जगनापुरा में स्थित है। जो कि जाकिर अली/फाईमा अली के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000171839 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 830 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी21/जीआर17402025ए101151013 दिनांक 16/12/2025 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/ वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

**विज्ञप्ति जारी दिनांक 17-01-2026**

**आवेदक का नाम/पता**

**हरीश गुप्ता/द्वारिका प्रसाद गुप्ता**

**पता: सती बिहार, जगनापुरा, ग्वालियर म.प्र.**

**कार्यालय, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक**

**जिला चिकित्सालय दतिया (म.प्र)**

Email: csurgeondatmp@nic.in

क्र./ई-टेण्डर/2025-26/6472 दतिया, दिनांक 09/01/26

**संशोधित संक्षिप्त विज्ञप्ति**

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण**

जिला चिकित्सालय दतिया में मटेरियल, सूचर्स एवं सर्जीकल हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी जिसका प्रकाशन समाचार - पत्रों में किया जा चुका है परंतु अपरिहार्य कारण से निविदा को ई-टेण्डरिंग आधारित ऑनलाईन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर पब्लिस नहीं किया जा सका है।

अतः समस्त इच्छुक निविदाकर्ता फर्म/संस्था को सूचिति किया जाता है कि निम्नानुसार संशोधित समयावधि में आमंत्रित निविदा का ऑनलाईन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर अवलोकन कर संशोधित समय अनुसार निविदा को ऑनलाईन क्रय एवं प्रस्तुत कर सकेगें।

निविदा प्रक्रिया हेतु कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | निविदा का विवरण | प्रकाशित एन.आई.टी. क्रमांक | प्रकाशित ऑनलाईन निविदा क्रमांक | समाचार-पत्र में प्रकाशित 'जी क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मटेरियल, सूचर्स एवं सर्जीकल | 6244 | 2025_DHS_470413 | G-23572/25 |

**निविदा के समय में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-**

| Sr.No | Description of Tender | As Provided Date & Time | As Amended Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Tender Publish Date | 30/12/2025 At 10:30 AM Hrs | 15/01/2026 At 10:30 AM Hrs |
| 2. | Document Download/sale Start Date | 31/12/2025 At 10:30 AM Hrs | 16/01/2026 At 10:30 AM Hrs |
| 3. | Pre-bid Meeting Date | 03/01/2026 At 17:30 AM Hrs | 17/01/2026 At 12:00 AM Hrs |
| 4. | Bid submission start Date | 05/01/2026 At 10:30 AM Hrs | 19/01/2026 At 10:30 AM Hrs |
| 5. | Bid submission End Date | 19/01/2026 At 17:30 PM Hrs | 03/01/2026 At 10:30 AM Hrs |
| 6. | Technical Bid opening date | 21/01/2026 At 12:00 PM Hrs | 05/02/2026 At 12:00 AM Hrs |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन आवश्यक होने पर E-Tendering Website www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा जिसका अवलोकन निविदाकर्ता द्वारा किया जावेगा इसकी पृथक से लिखित व अन्य माध्यम से सूचना नहीं दी जावेगी।

**सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक**

**जिला चिकित्सालय दतिया (म.प्र.)**

G-24501/25

**नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे.क्रं. 20 वार्ड क्रं. 48, भवन क्रं. 725, स्थानः जम्बूर खाना, मामा का बाजार लश्कर, ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती शाहिदयार खान, जावेद खान, वाहिदयार खान / मरहूम नवी यार खान के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000159459 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. MP142602024A11239714 दिनांक 15.10.2024 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान सिंधी कॉलोनी लक्कड़खाना क्षे.क्रं. 20 पर दिनांक 15.01.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 74/2010/65041/65119/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता

**तरन्नुम खान / जफर खान**

पता: जम्बूर खाना, मामा का बाजार लश्कर, ग्वालियर, मो: 98934-77566

विज्ञप्ति जारी दिनांक: 17-01-2026